जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ...

JAWAB DO SARKAR ™

www.jawabdosarkar.com

रेफरेंस संख्या –2020/TPF/06 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | शुक्रवार, 6 नवम्बर 2020

अजमेर रोड स्थित एलीवेटर रोड पर एक अमीरजादी द्वारा तेज गति से चला रही गाडी से हुई दुर्घटना(हत्या) के बाद का दृश्य,इस हादसे में एक गरीब परिवार का दिया बुझ गया|

*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

हादसे के बाद सडक पर गिरा हुआ पोल

दो अमीरजादियों के तेज रफ़्तार शौक ने कुचल दिया एक परिवार का सपना|

7 बहन-भाईयों में एक था माडाराम,बेटे का भविष्य बनाने के लिए खेत बेचा,गहने गिरवी रखे|

माड़ाराम सरकारी नौकरी का सपना लेकर गांव से 350 किलोमीटर दूर जोधपुर में आ गया। यहां अपनी विवाहिता बहन के पास रहने लगा। पिछले चार-पांच साल से वहीं रहकर वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। भाई ने यह भी बताया कि माडाराम की कोचिंग फीस भरने के लिए पैसे नहीं थे। ऐसे में मां ने अपने गहने गिरवी रखकर पैसा लिया। फिर भी खर्च नहीं निकल सका तो एक खेत भी बेचना पड़ा। माड़ाराम गुरुवार रात को जोधपुर से ट्रेन में बैठकर जयपुर के लिए रवाना हुआ था। यहां शुक्रवार सुबह रेलवे स्टेशन पहुंचा। उसे दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र तक पहुंचना था। जयपुर से अनजान माड़ाराम अकेला ही लोगों से पता पूछते हुए सोडाला की तरफ जाने के लिए पैदल-पैदल एलीवेटेड रोड पर चढ़ गया। वह तेज घुमाव वाले कट से आगे निकला। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार ऑडी कार ने उसे टक्कर मार दी।

माड़ाराम पुलिया से उछलकर करीब 30 फीट से ज्यादा दूर सड़क पर बनी एक दुकान के टीनशेड से टकराया। इसके बाद वहां से वह दो मंजिला ऊंची छत पर आकर गिरा। हादसे के बाद कार एलिवेटेड रोड पर बिजली पोल से टकराकर रुक गई। लेकिन पोल टूटकर अजमेर रोड पर गिर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकानदार राजेश के मोबाइल नंबर पर फोन कर उसे बुलाया। फिर एक अन्य दुकानदार की मदद से ताला खुलवा कर छत पर पड़ी माड़ाराम की लाश को उठवाया। मौके पर 108 एंबुलेंस भी पहुंची। लेकिन एंबुलेंस कर्मियों ने शव उठाने से मना कर दिया।

RJ14UN5566 - Jaipur, Rajasthan

Owner Name	Soni Hospitals Pvt Ltd
Chassis Number	WAUZJJ4M9JY000893
Vehicle Class	MOTOR CAR(LMV)
Make/Model	Audi/4Mbmj1sc7

कार शहर के नामी सोनी हॉस्पिटल के नाम से रजिस्टर्ड

यह कार शहर के नामी सोनी हॉस्पिटल के नाम से रजिस्टर्ड है,पुलिस सूत्रों के अनुसार कार सोनी परिवार की सदस्य नेहा सोनी चला रही थी,नेहा के साथ उसकी मित्र प्रज्ञा भी साथ थी|दुर्घटना(हत्या) के बाद कार के एयरबेग खुलने से दोनों की जाने बच सकी,हादसे के बाद कार जाम हो गयी|सदमे के कारण प्रज्ञा को हॉस्पिटल भर्ती करवाना पड़ा|

मामले की जांच दुर्घटना थाना दक्षिण के पास

पुलिस की सूचना पर उसके गांव से भाई प्रकाश सहित कई रिश्तेदार जयपुर पहुंचे। यहां पाली से विधायक खुशवीर सिंह जोजावत ने भी उनका हाल जाना। साथ ही, एसएमएस अस्पताल व दुर्घटना थाने पहुंचकर पुलिस अफसरों से बातचीत की। परिजनों को धैर्य बंधाया। इस संबंध में प्रकाश ने कार चला रही नेहा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। दुर्घटना थाना दक्षिण केस की जांच करेगी|

जवाब मांगते सवाल?

क्या हाई-प्रोफाईल मामला होने के कारण इस मामले को भी रफा-दफा कर दिया जायेगा?क्या नेहा सोनी के खिलाफ गैर-आदतन हत्या का मामला दर्ज होगा?एक गरीब परिवार के सपनो का भविष्य क्या होगा?आखिर कब तक तेज रफ़्तार वाहन मासूमों की जिंदगियां लेते रहेंगे?एलीवेटर रोड पर खतरनाक मोड़ का जिम्मेदार कौन?एलीवेटर रोड पर खतरनाक मोड़ कितनी जिंदगियां और लीलेगा?